


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 275 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 19 जुलाई 2024 | मूल्य 2 रुपया

## बिल भरने के लिए रुपए मांगे तो पीटा, 4 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। कुएं का बिल भरने के लिए रुपए मांगे तो भाई ने पत्नी के साथ मिलकर भाई को पीटा, पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया।**

फतेहगढ़ निवासी कैलाश धनगर ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि तीन भाईयों के शामलाती कुए का बिजली का बिल 24000 हजार रुपए बाकी चल रहा है, मैं भाई राधेश्याम के घर पर उसके हिस्से की राशि 8000 रुपए लेने गया तो राधेश्याम ने गाली-गलौज की मारपीट शुरु कर दी, राधेश्याम की पत्नी सुगनाबाई ने लकड़ी से सिर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। राधेश्याम के बेटे सोनू उर्फ सुन्दरलाल व बेटी मायाबाई ने भी मारपीट की। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

सड़कों पर वाहन, पार्किंग व्यवस्था गायब, कुछ महीने पूर्व कलेक्टर एवं एसपी ने किया था मौका मुआयना...

# जहां पार्किंग स्थल चिन्हित, वहां महीनों बाद भी सीसी टेण्डर बाकी

## शहर में बने हैं कई बड़ी इमारतें, जहां मनमर्जी से खड़े करवाए जाते हैं वाहन

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। शहर की पार्किंग व्यवस्था सुधारने के लिए घंटाघर स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स के पीछे खाली जगह को पार्किंग के लिए चिन्हित किया गया है। यह जगह कई बार चिन्हांकन हो चुकी है। कुछ महीने पूर्व कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त तौर पर पार्किंग व्यवस्था के लिए शहर का अवलोकन कर इस जगह का भी मौका मुआयना किया। पार्किंग बनाने की कवायद शुरू की गई। महीनों पूर्व हुए अवलोकन के बाद दोनों अधिकारियों ने अपना कार्य तो पूर्ण कर दिया है, लेकिन नगर पालिका इस व्यवस्था में अपनी कार्यकुशलता का परिचय नहीं दे पाई है। इस जगह पर सीमेंट कांक्रीट कराना है, लेकिन इस खर्चे के लिए नपा के पास पूर्व में बजट का अभाव था। अब नपा ने बजट के लिए राशि का प्रावधान करने की सोची है। अभी टेण्डर प्रक्रिया शुरू तक नहीं हो पाई है। टेण्डर निकलने पर यहां सीसी रोड बनेगा। ऐसे में चिन्हित जगह पर आसपास के दुकानदार गाड़ियां तो खड़ी कर रहे हैं , लेकिन शहरवासी व्यवस्थित पार्किंग के लिए अभी भी इंतजार ही कर रहे हैं। नगर पालिका को चाहिए कि यहां पर पार्किंग सुविधा के लिए अपने स्तर पर समुचित प्रयास करें। यह प्रयास कब पूरे होंगे, अभी कहा नहीं जा सकता है।**

सवा दो लाख की आबादी वाले मंदसौर शहर में पार्किंग समस्या लाईलाज हो गई है। यूं तो शहर में कई बड़ी ईमारतें हैं और उनमें पार्किंग की जगह भी कागजों में बताई गई है। लेकिन, हकीकत में सड़कों पर वाहन खड़े हो रहे हैं और पार्किंग स्थल गायब हो गए हैं। शहर का स्टेशन क्षेत्र हो अथवा बीपीएल चौराहा रोड या फिर सहकारी बाजार रोड, सभी जगह सड़कों पर लोग मजबूरन में मोटरसाईकिलें खड़ी कर रहे हैं। पार्किंग की जगह नहीं होने से लोग तो वाहन खड़े कर ही रहे हैं, साथ में यातायात भी गड़बड़ा गया है। शहर के कई स्थानों पर जहां बड़ी ईमारतें हैं, वहां वाहनों की पार्किंग आधी सड़क तक पहुंच गई है। ऐसे में सवाल यह उठने लगा है कि पार्किंग स्थल है कहां? बताते हैं कि जहां पार्किंग स्थल है, वहां पर व्यावसायिक गतिविधियां हो रही है, जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों की नजरें पड़ना शेष है।

### पार्किंग नियमों को रौंद रही बैंकें...

शहर में यातायात का ढर्रा दिनों दिन बिगड़ता जा रहा है। इसमें पार्किंग समस्या वर्षों से जस की तस बनी हुई है। शहर में बिते वर्षों में बड़ी-बड़ी बैंकें खुली है तो रिसोर्ट व धर्मशालाओ की संख्या में भी ईजाफा हुआ है। इधर बैंक प्रबंधन ने जहां सही जगह देखी वहां कार्यालय खोल दिया। लेकिन, पार्किंग नियमों को रौंद दिया गया। आज हालत यह है कि बैंकों के सामने बेतरबीब ढंग से वाहनों की पार्किंग हो रही है। इस कारण शहर के व्यस्ततम मार्ग पर आवागमन बाधित होता जा रहा है। अनेकों बार तो दुर्घटनाएं हो चुकी है और आए दिन हो भी रही है। बावजूद इसके पार्किंग समस्या का हल नहीं निकल पाया है।

### कोतवाली के नीचे सड़क पर दुकानें, यहां यातायात पाइन्ट भी निर्धारित

घंटाघर क्षेत्र में कोतवाली लगती है। कोतवाली के ठीक नीचे ही जो दुकानें है, उन्होंने सड़क तक दुकान लगा ली है। फास्ट फुड वाली इन दुकानों ने सड़क को घेर लिया है। अब यातायात बाधित कैसे न हो। मजेदार बात यह है कि घंटाघर पर ही यातायात थाने का पाइन्ट निर्धारित है। इसके बाद भी सड़क पर आधी दुकान लगना और इसकी अनदेखी करना मिलीभगत की ओर इशारा करता है। यहां यह कहना भी आवश्यक है कि कोतवाली के नीचे वाला मार्ग बहुत संकरा है और व्यावसायिक स्थल है। यहां अनगिनत वाहन प्रतिदिन आते-जाते रहते हैं।

### दो बड़े अधिकारियों के अवलोकन पर भी स्थिति जस की तस, नेताओं को आना होगा आगे

घंटाघर पर शॉपिंग कॉम्पलेक्स के पीछे खुली पड़ी जमीन पर पार्किंग जगह चिन्हांकन हो गई है। यहां दो बड़े अधिकारियों के अवलोकन के बाद भी व्यवस्था सुधर नहीं पाई है। स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। नपा के अधिकारी बजट का अभाव बता रहे थे, लेकिन अब राशि को खर्च करने के लिए अपने स्तर पर प्रावधान करने की बात कही गई है। टेण्डर अभी तक नहीं निकाला जा सका है। टेण्डर कब निकलेगा, यह भी कहा नहीं जा सकता है।

### यातायात सुधार के कार्यक्रम बैठक तक सीमित

शहर के यातायात को सुधारने के लिए कई बार बैठकें हो चुकी है। जिसमें प्रबुद्धजनों से सुझाव मांगे गए। यही नहीं पार्किंग की भी योजना बनाई जा चुकी है। कई बार हुई बैठकों में अनेकों बार योजना पर विचार विमर्श किया गया। इन पर अमल आज तक नहीं किया जा सका है। यातायात सुधार के कार्यक्रम केवल बंद कमरे में बैठक तक सीमित रह गए हैं।

### नपा कार्यालय के बाहर नियमों का मखौल...

शहर की यातायात सुगमता को अमलीजामा पहनाने के लिए यातायात पुलिस के साथ नगर पालिका प्रशासन का भी योगदान रहता है। उधर, नपा कार्यालय के बाहर ही वाहन पार्किंग नियमों की धज्जियां उड़ रही है। गेट के बाहर दर्जनों वाहन बेढंग से खड़े किए जा रहे हैं। यातायात अमले ने नपा कार्यालय के बाहर सडक पर जमा वाहनों पर आज तक कार्रवाई नहीं की है। करें भी कैसे, यह कार्रवाई ''आ बैल मुझे मार'' वाली कहावत चरितार्थ कर सकती है।

**इनका कहना**–पार्किंग स्थल जहां चिन्हित किया था, वहां सीमेंट कांक्रीट करना है। बजट की अब कोई दिक्कत नहीं है। टेण्डर बाकी है।

**सुधीर कुमार सिंह, सीएमओ नपा, मंदसौर**

बेची जमीन के 91 लाख रूपए अटकाए, उल्टा भेजा मानहानि का नोटिस...

# जमीन के सौदागरों से परेशान व्यक्ति ने जहर गटका, भर्ती

## अभिनंदन के टिगरिया में थी बेशकीमती जमीन, पांच लोगों के नाम बताए

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के एक व्यक्ति राजेश माली ने गुरुवार को जहर खाकर खुदकुशी करने की कोशिश की है। उसने यह कदम जमीन के सौदागरों के परेशान करने पर उठाया है। पीड़ित व्यक्ति राजेश की जमीन अभिनंदन नगर में टिगरिया क्षेत्र में थी, जो बेशकीमती है। जमीन के सौदागरों ने सौदे की बाकी 91 लाख रूपए अटकाने की बात सामने आई है। जब बाकी रूपए नहीं मिले तो राजेश ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की, जिसके बदले में उसे मानहानि का नोटिस भेजा गया। सभी ओर से घबराए राजेश ने जहर गटक लिया। हालांकि, बड़े अस्पताल में उसका ईलाज चल रहा है, जो खतरे से बाहर बताया गया है।

पीड़ित राजेश पिता किशन माली निवासी टिगरिया के अनुसार उसकी टिगरिया में जमीन थी, जिसका सौदा किया गया था। सौदा नरेन्द्र गर्ग, राहुल राठौर, प्रवीण मेहता, राहुल शर्मा, सरफराज व दिलीप माली ने मिलकर कराया था। तय कीमत में बात निश्चित हुई। करीब 91 लाख रूपए और बाकी रह गए थे। इस बीच धोखे में रखकर मेरी जमीन की रजिस्ट्री सभी ने मिलकर करा ली। अब मुझे बाकी रूपए नहीं दिए जा रहे हैं। पिछले दिनों राजेश ने एक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली थी, जिसके बाद उसे मानहानि का नोटिस भेजा गया। राजेश का आरोप है कि मानहानि का नोटिस भेजने के साथ उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में उसने कलेक्टर कार्यालय में साहब के समक्ष भी गुहार लगाई। यहां से राजेश को पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजा गया। यहां उनकी सुनवाई नहीं हो पाई। इसके बाद राजेश को लगा कि जमीन के सौदागर उसे किसी प्रकरण में उलझकर जैल भिजवा देंगे। ऐसे में थक हारकर व घबराकर कीटनाशक पदार्थ राजेश ने गटक लिया। राजेश के खुदकुशी के प्रयास पर पुलिस प्रशासन हरकत में आया है। कोतवाली निरीक्षक पुष्पेन्द्रसिंह राठौड़ का कहना है कि संबंधित व्यक्ति का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है, वह ठीक है। मौके पर तहसीलदार भी गए थे, उन्हें बयान दर्ज किए हैं। आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## बड़े अस्पताल की जर्जर बिल्डिंग में दिखने लगे सलिये

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बड़े अस्पताल की बिल्डिंग दशकों पुरानी हो चुकी है, वह जर्जर अवस्था की ओर है। जर्जर बिल्डिंग में जगह-जगह से बिखरने लगी है। वर्तमान में छत से सलिये दिखने लगे हैं। ऐसे में मरम्मत की दरकार है। बड़े अस्पताल के भवन को करीब 1960 के आसपास बनाया गया था। पिछले वर्षों में इस बिल्डिंग पर रिपेयरिंग होती रही है। अस्पताल प्रशासन ने लाखों की लागत से नई वायरिंग भी करवाई थी। हर वर्ष रिपेयरिंग के बदले खर्च होता रहा है। वर्तमान में बिल्डिंग में छत से सरिये दिखाई देने लगे हैं। ऐसे में रिपेयरिंग खर्च पर सवाल उठने लगे है। वर्तमान में मौसम वर्षा ऋतु का है, ऐसे में बूढ़ी हो चुकी छत से पानी टपकने के भी आसार रहते हैं। पूर्व में छत पर प्लास्टिक कोटेड सामग्री लगवाई गई थी, ताकि पानी अंदर नहीं आ सके। बारिश पूर्व अस्पताल भवन की जहां-जहां जर्जर हालत है, उसे ठीक करवाने की दरकार महसूस की जा रही है।

# रतलाम रेल मंडल की सभी ट्रेनों में लगे बायो टॉयलेट

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम मंडल में ट्रेन से रेलवे स्टेशन और ट्रैक पर मानव अपशिष्ट गिरना पूरी तरह बंद हो गया है। इसके लिए मंडल ने अपनी सभी 24 ट्रेनों में बायो टॉयलेट दिए हैं। हैं। इनमें दिल्ली, मुंबई, जयपुर, हैदराबाद समेत देश के प्रमुख शहरों तक जाने वाली इन ट्रेनें शामिल हैं। अब तक इनके 686 कोच में 2448 बायो टॉयलेट लगा दिए हैं। इससे बैक्टीरिया की खपत भी बढ़ गई है। वर्तमान में हर दिन लगभग 630 बायो टॉयलेट का मेंटेनेंस किया जा रहा है। इसके लिए हर माह 8160 लीटर बैक्टीरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि मुंबई डिवीजन में हर माह लगभग 5000 लीटर बैक्टीरिया की खपत हो रही है। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप शर्मा के अनुसार बायो टॉयलेट लगने से स्टेशन एरिया साफ-सुथरा होने लगा है। ट्रैक पर पर भी गंदगी नहीं होती, जिससे ट्रैक मेंटेनरों को काम करने में आसानी होती है।

### 95 फीसदी ट्रेनों में बायो टॉयलेट लगाए...

भारतीय रेलवे की 95 फीसदी ट्रेनों 2.5 लाख से ज्यादा में जैव शौचालय लगाए जा चुके हैं। इससे 2 लाख 74 हजार लीटर से अधिक मानव अपशिष्ट का ट्रैक पर गिरना बंद हुआ है। बता दें कि भारतीय रेलवे और रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 2010 में इसका अविष्कार किया था। दो-तीन साल प्रायोगिक तौर पर इस्तेमाल करने के बाद इसे सभी ट्रेनों में लगाना शुरू किया था।

### क्या है बायो टॉयलेट...

एक पूर्ण अपशिष्टप्रबंधन समाधान है जो बैक्टीरियल इनोकुलम की मदद से ठोस मानव अपशिष्टको बायोगैस और शुद्ध पानी में बदलता है। यह प्रणाली पर्यावरण के अनुकूल, किफायती और स्वच्छता से ठोस मानव अपशिष्ट के निपटान की तकनीक है।

### ट्रेनों में इस तरह काम करता है बैक्टीरिया...

हर तीन महीने में एक बायो टैंक को 10 लीटर बैक्टीरिया से रिफिल किया जाता है। जब एनारोबिक (मुक्त ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में) बैक्टीरियल मानव उत्सर्जन के संपर्क में आता है तो वह इसे गैस और तरल में विघटित कर देता है। मीथेन (सीएच-4) और कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ-2) जैसी उत्पादित गैसें बाहर निकल जाती हैं। इस प्रकार उत्पन्न तरल अपशिष्ट को क्लोरीन आदि का उपयोग करके कीटाणुरहित किया जाता है। इसके बाद जमीन पर छोड़ा जाता है।

# आदेश के उल्लंघन पर जिलाबदर गिरफ्तार, जैल पहुंचा

**पिपलियामंडी, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पिपलियामंडी थाना पुलिस ने एक जिला बदर को गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल पिता गोपीलाल बावरी उम्र 30 साल निवासी सौकड़ी थाना पिपलियामंडी के द्वारा न्यायालय के जिला बदर आदेश का उलंघन कर थाना क्षेत्र व जिले की सीमा में प्रवेश किया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर धारा 14,15 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उसे कोर्ट में पेश कर जैल भेज दिया गया है। आरोपी आपराधिक पृवत्ति का है जिसके विरूद्ध कई अपराध पंजीबद्ध है।




बालाशंकर ने अशोक को 15 हजार के बदले करवाया डोडाचूरा से भरी जीप का परिवहन...

# चल्दू हाईवे पर डोडाचूरा गाड़ी रुकती, यहां डिलेवरी देना होता तय

**पिपलियामंडी, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ थाना निरीक्षक राजेन्द्र कुमार पवार एवं उनकी टीम ने बुधवार रात्रि में डोडाचूरा से भरी जीप पकड़ी थी। जीप ने 149 किलो 490 ग्राम डोडा चूरा उगला। मौके से ड्राईवर अशोक बागरी पकड़ाया, जिसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। बताया है कि उसी के गांव देवाखेड़ा के बालाशंकर ने डोडा चूरा तूफान जीप में भरवाया था, जिसे उसे हाईवे पर चल्दू तक ले जाना था। चल्दी में गाड़ी रुकती और यहां डिलेवरी किसे देना है, यह तय किया जाना था। अब डोडा चूरा का खरीददार कौन है, इसका पता बालाशंकर को है। पुलिस बालाशंकर की तलाश कर रही है, जो गुरुवार को मिल नहीं पाया है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर सूचना पर गांव अरनियादेव के निकट तूफान सवारी जीप क्रमांक एमपी 09 बीसी 7328 को घेराबंदी कर रोका। गाड़ी की तलाशी के दौरान 7 कट्टों में भरा 149 किलो 490 ग्राम डोडाचूरा बरामद किया गया। जीप ड्राइवर अशोक पिता सत्यनारायण बागरी निवासी देवाखेडा थाना नाहरगढ़ को गिरफ्तार किया गया। मल्हारगढ़ थाना निरीक्षक राजेन्द्र कुमार पवार ने बताया कि आरोपी अशोक को



तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। डोडा चूरा उसे जीप में देवाखेड़ा के बालाशंकर ने भरवाया था। हाईवे पर चल्दू के समीप ही कहां जाना था, यह बताया जाना था। निरीक्षक पवार ने बताया कि मामले में बालाशंकर को भी आरोपी बनाया है, जिसकी तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिल पाया। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।




## रेलवे स्टेशन पर विशाल तिरंगा फटने का आरोप, ज्ञापन दिया

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे स्टेशन मंदसौर पर लगाए गए विशाल तिरंगे को लेकर कांग्रेस नेता संदीप सलोद आदि ने एक ज्ञापन स्टेशन प्रबंधक को सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि स्टेशन पर लगे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे फट रहा है। तिरंगा पुराना होने से उसका कलर भी फीका हो गया है। इसकी देखरेख नहीं किए जाने की दशा में कार्रवाई की जाए। स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्री जब तिरंगे को देखते हैं तो उनकी राष्ट्रीय भावना व तिरंग को लेकर ठेस पहुंचती है। तिरंगे का रखरखाव सही तरीके से कराया जाए।

लोटन यात्रा के पास से निकलने पर बुजुर्ग को नहीं उठाने की मिली सजा...

# लोटन कांड ने ली एक बाबू की बलि, निलंबित

**कसूर था- लौटन यात्रा के पास से गुजरना**

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार को एक आदेश जारी हुआ। जिसमें कलेक्टर ने कलेक्टोरेट के एक बाबू को सस्पेंड कर दिया। निलंबन का कारण जानकर अब मंदसौर कलेक्टोरेट ही नहीं सरकारी विभागों के बाबू खौफ में है। ऐसा लग रहा है कि अब कार्यालय में अपने रूम से बाहर निकलने के पहले दस बार सोचेंगे कि कोई कांड तो नहीं हो रहा। इसके बाद कार्यालय से बाहर आएंगे या अपने रूम में जाएंगे। मामला है कलेक्टोरेट में बुजुर्ग किसान द्वारा लौटन यात्रा का। जिसमें एक बाबू को यह लौटनकांड देखना महंगा पड़ गया।

### पहले समझ लेते हैं संक्षिप्त में मामला...

मंगलवार को जनसुनवाई में किसान शंकरलाल पाटीदार कलेक्टोरेट में लौट लगाते हुए देखा गया। यह देखकर एसडीएम व डिप्टी कलेक्टर उन्हें उठाकर जनसुनवाई कक्ष में ले गए थे। किसान पाटीदार ने बताया कि 14 साल से अधिकारियों के चक्कर काट रहा हूं और 25 से ज्यादा बार जनसुनवाई में आ चुका हूं। सीएमओ व पीएमओ तक अपनी शिकायत पहुंचा चुका हूं, लेकिन कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है। किसान ने अपने आवेदन में बताया कि गांव सुरखेड़ा में मेरी कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 604 व 625 है, जिसे धोखे से कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ बाबू देशमुख ने अपने बेटे अश्विनी देशमुख के नाम कर ली है। लौटन यात्रा सोशल मीडिया पर वायरल होने के तुरंत बाद कलेक्टर ने मामले की जांच कराई। जिसमें जमीन पर किसान का ही कब्जा मिला। मतलब किसान के आरोप बेबुनियाद थे।

### वहां से गुजरे बाबू पर निलंबन की गाज...

16 जुलाई को जनसुनवाई के दौरान किसान शंकरलाल पिता फूलचंद (65) निवासी साखतली तहसील सीतामऊ शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और बरामदे में लौट लगाई। वायरल वीडियो में हथकरघा विभाग में पदस्थ तृतीय श्रेणी सहायक राजेश विजयवर्गीय भी नजर आ रहे हैं। वे लोट लगा रहे किसान के पास से गुजर रहे थे। जिसके बाद बाबू को निलंबित कर दिया गया।

### यह रहा कार्रवाई का कारण...

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि एक शासकीय सेवक होने के नाते विजयवर्गीय का यह कर्तव्य था कि वे आवेदक को न सिर्फ ऐसा करने से रोकते, बल्कि उसे उठाकर अपने साथ कलेक्टर के समक्ष लेकर आते, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, बल्कि उसे देखते हुए नजर अंदाज करते हुए अपनी असंवेदनशीलता का परिचय दिया और किसान की समस्या सुने बिना ही सभाकक्ष में जाकर बैठ गए, जबकि वे विभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए जनसुनवाई में मौजूद थे।आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक शासकीय सेवक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसे मामलों में संवेदनशीलता एवं मानवीयता का परिचय दे। आवेदक के साथ-साथ चलना, उसे रोकने के लिए कोई प्रयास न करना, विजयवर्गीय की शासकीय सेवक के दायित्वों, कर्तव्य के प्रति असंवेदनशीलता, लापरवाही एवं उदासीनता को प्रदर्शित करता है, जिससे प्रशासन की छवि धूमिल हुई है।इसी के चलते हथकरघा विभाग के सहायक ग्रेड 3 के राजेश विजयवर्गीय को सिविल आचरण सेवा अंतर्गत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला पंचायत मंदसौर रहेगा।

## शासकीय भूमि सर्वे नम्बर के भाग पर से वर्ग विशेष का अवैध रूप से...

# कब्जा हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन



**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम खजुरीबड़ायला के ग्रामवासियों ने 18 जुलाई, गुरूवार को अनुविभागीय अधिकारी, मंदसौर श्री शिवलाल शाक्य को विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री हेमन्त बुलचंदानी एवं जिला सत्संग प्रमुख कन्हैयालाल धनगर, भालोट प्रखण्ड मंत्री राकेश विश्वकर्मा, प्रखण्ड मथ मंदिर प्रमुख भगवतीलाल साहू, प्रखण्ड सह गौरक्षा प्रमुख दशरथ कुमावत, खण्ड मंत्री लक्ष्मीनारायण टेलर के उपस्थिति में ज्ञापन देकर ग्राम खजुरीबडायला स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम्बर के भाग पर अवैध रूप से कब्जा हटाने की मांग की।

ग्रामवासियों द्वारा दिये गये ज्ञापन में कहा कि ग्राम खजुरीबडायला तहसील मंदसौर स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम्बर 92, 152, 153 के भाग पर मुस्लिम समुदाय द्वारा कब्रिस्तान की भूमि बताकर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। जबकि मुस्लिम समुदाय को एक अन्य स्थान पर प्रशासन द्वारा कब्रिस्तान हेतु भूमि आवंटित की जा चुकी है। मुस्लिम समुदाय द्वारा उक्त भूमियों पर आधिपत्य प्राप्ति हेतु प्रशासन व गांव के हिन्दू समाज पर दबाव बनाया जा रहा है व क्षेत्र की शांति व्यवस्थाओं को भंग करने का प्रयास किया जा रहा है। आज से 1 वर्ष पूर्व इन्ही सर्वे नम्बरो पर खुदाई करते समय लगभग 13 वी शताब्दी की प्राचीन मूर्तियां हिन्दू देवी देवताओं की निकली थी, जिसका पुरातत्व विभाग द्वारा सर्वे किया जाकर उक्त भूमियों को संरक्षित किया गया था। उक्त भूमियो पर हिन्दू मन्दिर होने की पूर्ण संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। यदि सरंक्षित भूमि पर पुरातत्व विभाग द्वारा पुन: खुदाई प्रारंभ की जाती है तो निश्चित तौर पर और हिन्दू देवी देवताओं की ओर मूर्तिया निकलने की संभावना है।

ग्रामवासी मन्नालाल धनगर, मोतीलाल मीणा, मांगीलाल धनगर, सुनील शर्मा, कंवरलाल धनगर, भरत पूर्व सरपंच धनगर, जितेश मीणा, राहुल धनगर, विजय मीणा, लाला मीणा, विजय बैरागी, नंदलाल धनगर, वीरमलाल धनगर, उदयलाल धनगर, हरिओम मीणा, प्रदीप धनगर, नीतिन धनगर, पुष्कर धनगर, वरदीचंद धनगर, पंकज धनगर, राकेश धनगर, शांतिलाल धनगर, विनोद धनगर, रामचंद धनगर, बद्रीलाल धनगर, नागेश धनगर, समरथ मीणा, पुष्कर मीणा, बाबूलाल मीणा, राहुल मीणा, बंशीलाल मीणा, रामचन्द्र मीणा, जगदीश मीणा, मुकेश मीणा, कन्हैयालाल मीणा, नारायण मीणा, देवीलाल मीणा, प्रेमचन्द धनगर, होकमसिंह राजपूत, योगेन्द्रसिंह राजपूत, कमलेश शर्मा, राकेश धनगर, विरमलाल धनगर, बंशीलाल धनगर, पुष्कर धनगर, योगेश धनगर, राहुल वर्मा, मंगल वर्मा, पवन मालवीय, सत्तू टेलर, पवन सैन, सुखलाल धनगर, हीरालाल धनगर, रमेश राव, भरत राव, सत्तू राव, गोपाल मीणा, मनोहर पंडित, भेरूलाल राव, मोहनलाल मालवीय, विजय मालवीय, मुकेश मालवीय, डाडमचन्द मालवीय, गणेश मीणा, रामप्रसाद मीणा, गोपाल मीणा, कारूलाल मीणा, देवीलाल मीणा, बद्रीलाल मीणा, शंभूलाल मीणा, श्यामलाल मीणा, पप्पू मीणा, मदन मीणा आदि ने मांग की कि उक्त भूमियों को हिन्दू समाज की भावनाओं का ध्यान रखते हुऐ उक्त भूमियों को संरक्षित भूमियों की मुस्लिम समुदाय द्वारा हस्तक्षेप न किये जाने बाबत संबंधित अधिकारीयों को आदेशित किये जाने की कृपा करें। उक्त जानकारी कन्हैयालाल धनगर ने दी।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत, भाई गंभीर

**नीमच, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच के कुकडेश्वर क्षेत्र के परपडिया गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में दो भाई आ गए। गंभीर हालत में दोनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान छोटे भाई की मौत हो गई।घटना बुधवार देर शाम की है। परपडिया गांव निवासी तेजमल पिता बीरमजी गुर्जर (26) एवं नानूराम पिता बीरमजी गुर्जर (24) घर पर ही बैठे थे। बारिश के बीच अचानक से आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में दोनों भाई आ गए। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान छोटे भाई नानुराम गुर्जर की मौत हो गई।



# सांसद गुप्ता पर्जन्य यज्ञ की पूर्णाहूति में हुए शामिल

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सनातन धर्म वैज्ञानिक अवधारणाओं पर आधारित धर्म है। प्रकृति से तन्मय होकर सनातन धर्म का जो तालमेल है उसी से यह सृष्टि संचालित हो रही है। जब भी प्रकृति में कोई असंतुलन होता है और मनुष्य की क्षमताएं समाप्त हो जाती है तो हमें देवों की शरण में जाना पड़ता है। अवर्षा की स्थिति को देखते हुए श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा वर्षा के आव्हान के लिए संपन्न पर्जन्य यज्ञ का यह अनुष्ठान निश्चित ही फलदायी होगा।

यह विचार सांसद सुधीर गुप्ता ने दो दिवसीय पर्जन्य यज्ञ अनुष्ठान के द्वितीय दिवस यज्ञ की पूर्णाहुति के समय व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नगर में अल्प वर्षा की स्थिति से सभी चिंतित हैं सभी और अच्छी वर्षा हो रही है किंतु हमारा नगर अभी अच्छी वर्षा की प्रतीक्षा कर रहा है ऐसे में मुझे प्रसन्नता है कि तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा दो दिवसीय पर्जन्य यज्ञ के इस अनुष्ठान का आयोजन किया गया हम भगवान बालाजी से यही प्रार्थना करते हैं कि नगर और क्षेत्र में प्रचुर वर्षा हो सभी धन-धान्य से संपन्न हो सके, जल स्त्रोतों में जल राशि का पर्याप्त एकत्रीकरण हो खेत खलियान हरे-भरे रहे। पूर्णाहुति के समय जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष मदनलाल राठौर भी उपस्थित थे।राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर और नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सुबह के सत्र के साथ ही सायंकाल पूर्णाहुति में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने भी यज्ञ में आहुतियां दी। परिजन यज्ञ में यजमान के रूप में सम्मिलित वरिष्ठपत्रकार बृजेश जोशी ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति में यज्ञ का बड़ा महत्व है विज्ञान ने भी यज्ञ विधि और यज्ञ के प्रभाव को मना है निश्चित रूप से परिजन यज्ञ का प्रभाव होगा और नगर में अंचल में प्रचुर वर्षा होगी। शिक्षाविद शैलेंद्र आचार्य ने कहा कि पर्जन्य यज्ञ में बैठकर जी दिव्य आनंद की अनुभूति हुई है उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता यज्ञ के मंत्रों का असर निश्चित रूप से पड़ता है। विकास अग्रवाल ने कहा कि मनुष्य जब भी प्रकृति से विमुख होता है तो अवर्षा जैसी आपदा होती है ऐसे में धर्म की ही शरण प्रकृति को पुन: मनुष्य से जोड़ती है। डा. कुशल शर्मा ने कहा कि बालाजी महाराज हम सब की प्रार्थना को सुनेंगे और नगर में पर्याप्त वर्षा होगी। रामेश्वर गर्ग ने कहा कि पर्जन्य यज्ञ की पूर्णाहूति के समय आसमान से जो पानी की बूंदे गिरी है वह ईश्वरीय संकेत है।अनुष्ठान सफल व सार्थक सिद्ध होगा। मुख्य यज्ञाचार्य पंडित देवेंद्र शर्मा शास्त्री और अन्य विद्वान आचार्यों का श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी तथा ट्रस्टी गण जयप्रकाश सोमानी, दिलीप कुमार जोशी, अशोक गुप्ता, धन्नालाल माली आदि ने सम्मान किया।

# जनपद पंचायत मंदसौर की साधारण सभा की बैठक संपन्न

### प्रधानमंत्री के अभियान एक पेड मॉ के नाम को जन अभियान बनाने के दिये निर्देश



**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जनपद पंचायत मंदसौर की साधारण सभा की बैठक जनपद पंचायत सभाकक्ष में जनपद अध्यक्ष श्री बसंत कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समस्त जनपद सदस्यों ने एक स्वर में जल जीवन मिशन की कार्यशेली को लेकर विरोध व्यक्त किया है। सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा है कि जल जीवन मिशनकी कार्यप्रणाली को लेकर काफी असंतोष व्यक्त किया है। सरकार हर तरफ से देश वासियों को स्वच्छा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है लेकिन क्रियाकल्प ऐजेंसियों द्वारा लापरवाही पूर्वक नौसेखियों ठेकेदारों को काम देकर गुणवत्ता पूर्ण पैमानों को पूरा नही किया जा रहा है।

जल जीवन मिशन के अधिकारीयों को सख्तं निर्देश देते हुए कार्य में सुधार हेतु निर्देशित किया गया है तथा समस्त जनपद सदस्यों से अपने- अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यो को लेकर उनके निदान हेतु एक हेल्पलाईन नंबर 9039624124 जारी किया गया है। बैठक के दौरान सभी अधिकारीयों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे देश में एक पेड मॉ के नाम अभियान का जन जन अभियान बनाकर प्रदेश में सर्वाधिक पौधे लगाने वाली जनपद में मंदसौर को अग्रणी बनाने के लिये स्वयं सेवी संस्था, जनप्रतिनिधि, उद्योगपति, समाजसेवीयों सभी से सहयोग लेकर इस अभियान को गंभीरता से ले। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों के आदेश की अवेहलना, प्रोटोकॉल का उल्लंघन एवं मृतक सरंपच की धर्मपत्नी की शिकायत पर सर्वसहमहति से लापरवाह सचिव श्री जगदीश मेनारिया को निलंबित करने के निर्देश दिये तथा पिडीत सरपंच की पत्नी को शीघ्र लाभ दिलाने तथा शिकायत का निराकरण किया जाये। प्रधानमंत्री सडक योजना के अधिकारीयों को सडक के दोनो तरफ झाडियों को हटाने के निर्देश दिये गये, तथा मजरे टोले बचे है उनको जोडने के निर्देश दिये गए। आगामी बैठक में म.प्र.जल बीज निगम, वन विभाग के अधिकारीयों को बैठने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोंहन जी यादव एवं उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा द्वारा हाई स्कूल को हायर सेंकेडरी स्कूल में उन्नयन करने पर धन्यवाद का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि श्री मनोज जैन, जनपद पंचायत सदस्य श्री शिवराजसिंह राणा, श्रीमती कैलाशबाई पुष्कर शर्मा, श्री भगतराम गामी, श्री विकास दशौरा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री विरम धनगर, श्रीमती अर्चना टांक एवं समस्त जनपद सदस्य, सीईओ डॉ. आर.एस. पंवार एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## जिले में अब तक 192.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 192.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 9.9 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 1.0 मि.मी., सीतामऊ में 7.2 मि.मी. सुवासरा में 12.0 मि.मी., गरोठ में 10.2 मि.मी., भानपुरा में 19.6 मि.मी., मल्हारगढ़मे 1.0 मि.मी., धुधंड्का में 0 मि.मी., शामगढ़ में 15.6 मि.मी., संजीत में 15.0 मि.मी., कयामपुर में 22.3 मि.मी. एवं भावगढ़ में 5.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 83.0 मि.मी., सीतामऊमें 147.8 मि.मी. सुवासरा में 266.0 मि.मी., गरोठ में 213.9 मि.मी., भानपुरा में 213.0 मि.मी., मल्हारगढ़मे 68.0 मि.मी., धुधंड्का में 157.0 मि.मी., शामगढ़ में 305.2 मि.मी., संजीत में 229.0 मि.मी., कयामपुर में 217.8 मि.मी. एवं भावगढ़ में 213.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1293.88 फीट है।



## जिले में आयुष आपके द्वार अभियान अंतर्गत घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण किया

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आयुष विभाग के आयुष आपकेद्वार अभियान में मैदानी अमला खुद घर-घर, बस्ती-बस्ती जाकर लोगों को स्वस्थ रहने के तौर-तरीके सीखा रहा है। मौसम जनित बीमारियों से बचाव के नुस्खे बताए जा रहे है और प्रतिरोधी दवाईयां भी वितरित की जा रही है।

पहले बीमार होने पर लोगों को अपना इलाज करवाने के लिए अस्पताल जाना पड़ता था, लेकिन अब आयुष विभाग की एक नवाचार पहल में डाक्टर्स तथा पैरामेडिकल स्टॉफ का अमला आगे बढ़कर मरीजों के घर पहुंच रहा है।जिले के विभिन्न गाँव में पहुंच कर 1092 परिवार के 5717 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा बीमार मिलने पर रोगियों को नि:शुल्क औषधियां भी प्रदान की। उन्होंने ग्रामीणों को औषधीय पौधों के गुणो से भी परिचित करवाया। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी आरोग्य केन्द्रों तथा औषधालयों में आयुष आपके द्वार संचालित हो रहा है। अब तक लगभग एक हजार से ज्यादा रोगियों का नि:शुल्क परीक्षण कर औषधियां बांटी गई है। लगभग पांच हजार लोगों को रोग प्रतिरोधी दवाईयां भी वितरित की गई है। प्राकृतिक जीवन शैली के साथ औषधीय पौधों तथा योग का महत्व भी बताया जा रहा है।

## संत चेतनराम महाराज का हुआ आगमन

**मनासा, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय श्री रामद्वारा में पावन चातुर्मास हेतु बड़े साध नरपत राम जी उदयपुर वालो के कृपा पात्र शिष्य विद्वान संत श्री चेतनराम महाराज (साहित्याचार्य) का आगमन हुवा। इस अवसर पर रामस्नेही संप्रदाय व भक्तो द्वारा राम की आगवानी की गई। कल 18 जुलाई को विद्वान संत चेतन रामजी के सारगर्भित प्रवचन को श्रवण करने हेतु बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित थे। प्रवचन प्रतिदिन प्रात: 9बजे से 10 तक होगे। चातुर्मास के दौरान चेतनराम जी के मुखरविन्द से सोमवार 22 जुलाई से शिव महा पुराण कथा का होगी। साथ चातुर्मास में श्री मदभागवत पुराण, नानी बाई का मायरा, कथा के श्रवण का लाभ भी साहित्याचार्य चेतन राम जी द्वारा कराया जाएगा। चातुर्मास में स्थानीय रामद्वारा में संत श्री के मुखरविंद से प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से 10बजे तक आध्यात्मिक प्रवचन होगे। रामस्नेही संप्रदाय ने धर्मप्रेमी जनता से रामद्वारा में आयोजित चातुर्मास के दौरान विराजित संत श्री चेतन राम जी के मुखरविंद से होने वाले आध्यात्मिक प्रवचनों की गंगा की श्रवण के लाभ लेने की अपील की है।



## मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन द्वारा पुलिस लाइन में 101 पौधो का रोपण किया

### सीएसपी एवं एसडीओपी ने पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प दिलवाया



**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन मंदसौर के मीडिया प्रभारी सुरेश भाटी ने बताया एडिशनल एसपी श्री गौतम जी सोलंकी के मार्गदर्शन में मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन द्वारा पुलिस लाइन में 101 पौधो का रोपण किया गया। सीएसपी श्री सतनाम सिंह, एसडीओपी क्रिति जी बघेल के आतिथ्य में पौधरोपण किया गया। संगठन के पदाधिकारीयो खिलाडियों की उपस्थिति में संपन्न पौधरोपण कार्यक्रम में बडी संख्या में मिक्र्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

सीएसपी श्री सतनामसिंह कहां की प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। मिक्स मार्शल आर्ट संस्था ने सहरानीय कार्य किया है संस्था बधाई के पात्र है। एसडीओपी कीर्तिजी बघेल ने कहा की पेड़ हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड को फिल्टर करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हैं। इसके अलावा, वे हमें भोजन, आश्रय और कई उपयोगी चीजें प्रदान की है। मंदसौर जिले में यह पहली संस्था है जो खेल के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर कार्य करती है। संस्था अध्यक्ष श्री गगन कुरील ने कहां की वृक्ष हमें छाया प्रदान करते है। प्राणवायु प्रदान करते है, फल, फूल, औषधि, लकड़ी प्रदान करते है, वर्षा के जल को मिट्टी में संरक्षित करते है। पृथ्वी पर जीवन बिना पेडो के संभव नही है। इस अवसर पर व्यवस्था प्रभारी श्री विजय कोठारी, श्री सुनील जी हीवे ग्वाला, श्री अशोक जी गेहलोत माली, श्री शाहीद हुसैन, श्री यशवंत सिंह राठौर, श्री दिनेश जी चंदवानी, श्री हितेश जी सालवी आदी ने पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित होकर पौधारोपण किया।

## शंकराचार्य मठ पर परम्परानुसार मनाई जाएगी गुरू पूर्णिमा



**भानपुरा, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जगद्गुरू शंकराचार्य मठ, ज्योतिर्मठ अवान्तर भानपुरा पीठ पर गुरूपूर्णिमा पर्व परम्परानुसार मनाया जाएगा। युवाचार्य स्वामी वरूणेन्द्र तीर्थ 21 जुलाई 2024 को प्रात: 10 बजे पूर्ववर्ती जगद्गुरू शंकराचार्य के समाधिस्थल पर पूजन, अभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शंकराचार्य मठ पर गुरू पादुका पूजन करेंगे।

उक्त जानकारी देते हुए जगद्गुरू सेवा समिति के रूद्र पाराशर ने बताया कि जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री ज्ञानानन्दजी तीर्थ ब्रम्हलीन जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री दिव्यानंदजी तीर्थ की तप:स्थली एवं समाधि स्थल श्री श्यामेश्वर महादेव मंदिर, छपकौली, जिला हापुड (उ.प्र.) में गुरू पूर्णिमा पर्व में सम्मिलित होकर दिनांक 23 जुलाई से 17 सितम्बर 2024 औच्छघाट जिला सोलन हिमाचल प्रदेश में चातुर्मास (वर्षावास) करेंगे। युवाचार्य स्वामी श्री वरूणेन्द्रजी तीर्थ शंकराचार्य मठ भानपुरा पर चातुर्मास करेंगे, जहां वे प्रतिदिन विश्वकल्याण एवं विश्वशांति के लिए अभिषेक, पूजन, अर्चन करेंगे। श्री पाराशर ने समस्त भक्तों एवं धर्मालुजनों से इस अवसर पर उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है।

## बालिकाओं को हर कदम पर अपनी न्याय सुरक्षा के लिये सचेत रहना जरूरी



**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मन्दसौर द्वारा नर्सिंग महाविद्यालय में आज नर्सिंग छात्राओं के लिये व्याख्यान रखा गया जिसमें मन्दसौर जिले के जिला न्यायाधीश विशाल शर्मा द्वारा नर्सिंग छात्राओं को बचपन से लेकर जीवन के हर क्षेत्र में संविधान द्वारा निर्मित न्यायिक सुरक्षा व्यवस्था एवं उसे दैनिक जीवन में लागू किये जाने हेतु जागरूक किया। उन्होने बताया गया बालिका के नाबालिक रहने तक यह जरूरी है कि वह इस पुरूष प्रधान समाज में उसके प्रति किये जा रहे व्यवहार को पहचाने तथा कुछ भी गलत महसूस होने पर अपने माता-पिता को इसकी जानकारी देने हेतु सचेत रहे। भारतीय समाज में बालिकाओं को हर कदम पर उसे व्यक्तिगत रूप से न्याय सुरक्षा के प्रावधान है लेकिन जरूरी है कि वह उसके लिये सचेत रहे। आपने पास्को एक्ट को विस्तृत रूप से समझाया, दहेज प्रथा, सोष्यल मीडिया के द्वारा शोषण एवं यौन सुरक्षा के कानून का खुलकर बताया। इस कार्यक्रम पर महाविद्यालय में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। छात्राओं द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिताओं मे विजेता छात्राओं को प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया। शासकीय प्राथमिक विद्यालय चम्बल कॉलोनी के बच्चों द्वारा निर्मित सीड बॉल्स लगभग 1500 को नर्सिंग महाविद्यालय के परिसर में छात्राओं द्वारा बिखेरा गया यह सीड बाल्स जामुन, कटहल, आम, नीम्बू, नीम, गुलमोहर आदि के बीजों से बनाई गई थी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती बसंती मसीह, प्रकाश बनौधा, श्री शंकरलाल रूपावत, श्री भारतसिंह बौराना, श्रीमती सुचित्रा परमार, श्रीमती आरती रामावत, श्रीमती रेखा सोनी, श्रीमती नीलेश्वरी, श्रीमती सीमा नागर, श्रीमती प्रियंका राजोरा और नर्सिंग छात्राऐं आदि उपस्थित थे।



## अच्छी वर्षा की कामना को लेकर मण्डी व्यापारियों ने हवन कर मनाई सामूहिक उजमनी

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर मंडी व्यापारी संघ मंदसौर के तत्वावधान में मण्डी व्यापारियों ने अंचल में बारिश कम होने के कारण भगवान से अच्छी बारिश की कामना को लेकर बालाजी महाराज हवन कर उजमनी मनाई। इस दौरान मण्डी व्यापारी परिवार ने पर्यावरण संरक्षण व एक पौधा मॉ के नाम अभियान अंतर्गत वृहद पौधरोपण भी किया।

दशपुर मंडी व्यापारी संघ मंदसौर के सदस्यों ने प्रात: मण्डी प्रांगण स्थित श्री बालाजी मंदिर में हवन किया। तत्पश्चात् मण्डी रोड़ स्थित डिवाईडर पर वृहद पौधारोपण किया गया। उसके पश्चात् सभी व्यापारियों ने सामूहिक उजमनी मनाकर भगवान से क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा की कामना की। मण्डी व्यापारियों ने बताया कि मंदसौर व आसपास क्षेत्र में बारिश न होने से किसानों, व्यापारियों एवं आमजन को चिंता सताने लगी है। मंदसौर में हल्की बारिश होकर रुक गयी। जिससे पेयजल स्त्रोत व खेत खलिहान सुखे है। सभी अच्छी बारिश के इंतजार में हैं व बारिश के लिए आकाश की ओर टकटकी लगाये हैं। मण्डी व्यापारियों ने भगवान से अच्छी बारिश की प्रार्थना करते हुए उजमनी का आयोजन किया जिसमें सभी मण्डी व्यापारी ने सहभागिता की है।


**दिनांक 19 जुलाई 2024**

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**क्या आप जानते है..?**



✻ ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बुध गृह जातक की बुद्धि, विचार क्षमता, तर्क शक्ति, चतुरता, कौशल एवं मित्रता का कारक होता है, जिनकी कुंडली मे बुध गृह अच्छा है वह जातक बुद्धिमान, चतुर, उत्तम तर्कशक्ति युक्त, कार्य कुशल एवं व्यवहार कुशल होता है।

**जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर**
**7024667840, 8085381720**

# गंभीरता के साथ हो राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिये 31 अगस्त तक राजस्व महा अभियान - 2.0 संचालित किया जा रहा है। किसानों और आमजन की सहुलियत के लिये पटवारी और मैदानी अमला मुख्यालय पर रह कर दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अभियान्तर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का गंभीरता के साथ समय-सीमा में निराकरण किया जाये।



राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने बताया कि अभियान में अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 30 दिन में, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 150 दिन में किया जायेगा। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा 90 दिन है और सीमांकन प्रकरणों को 45 दिन में निराकृत करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही नक्शे में तरमीम का कार्य सतत् जारी रहेगा। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा है कि राजस्व महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। राजस्व महा अभियान 2.0 में 30 जून 2024 की स्थिति में लंबित नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरूस्ती और सीमांकन के प्रकरणों में निराकरण का लक्ष्य रखा गया है। इनमें नामांतरण के 75 हजार 964, बंटवारा के 9 हजार 897, अभिलेख दुरूस्ती के 9 हजार 889 और सीमांकन के 25 हजार 423 प्रकरण शामिल हैं। इसके साथ ही 30 जून 2024 की स्थिति में एक करोड़ 95 लाख 45 हजार नक्शे पर तरमीम के लंबित मामलों को भी दर्ज किया जाएगा।

**अभियान में होगा डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण**-राजस्व महा अभियान में एक अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक फसलों का डिजिटल (क्रॉप) सर्वेक्षण किया जायेगा। किसानों के खेत पर जाकर फसल का फोटो खीचकर जानकारी अद्यतन करने के लिये युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 25 जुलाई तक प्रशिक्षित किया जायेगा। राजस्व महा अभियान में आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज करने और पूर्व आदेशों के अनुसार खसरों और नक्शे में अमल सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व महा अभियान में नि:शुल्क समग्र ई-केवायसी और समग्र से खसरे की लिंकेज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही स्वामित्व योजना में आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कारवाई पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

**वरिष्ठ राजस्व अधिकारी करेंगे मैदानी क्षेत्र का दौरा**-राजस्व महा अभियान में संभागायुक्त, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार मैदानी क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और राजस्व महा अभियान में की जा रही कार्रवाई की मॉनीटरिंग करेंगे।



## सुवासरा विधायक डंग ने किया पौधारोपण

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा विधायक श्री हरीदप सिंह डंग ने मध्यप्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई मंदसौर द्वारा क्रियान्वित की जा रही गांधीसागर-1 समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत, क्रियान्वयन एजेंसी - में. एलसीसी प्रोजेक्टस प्रालि अहमदाबाद के द्वारा प्रगतिरत जल शोधन संयंत्र पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अंतर्गत वृहद पौधारोपण किया गया।



## आधे भरे ड्रम मे चिल्लर निकली 3 लाख 80 हजार की, गणना पूरी

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पशुपतिनाथजी महादेव मंदिर की दानेपिटयां शुक्रवार को खोली गई थी। दो दिन की गणना में तब चढ़ावा 32 लाख 8 हजार 100 रूपए मिला था। चिल्लर की गणना बाकी थी। बीच में छुट्टी आने पर गुरुवार को चिल्लर गिनी गई। करीब आधे भरे ड्रम में चिल्लर रखी गई थी, जिसे जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों सहित अन्य की मदद से गिना गया। एक, दो और पांच व दस तथा बीस के सिक्कों को अलग–अलग कर इसे पैक किया गया है। चिल्लर गणना में अत्यधिक समय लगा है। इस प्रकार पशुपतिनाथ मंदिर में चढ़ावे की कुल राशि 35 लाख 88 हजार 100 रूपए पहुंच गई है। अब 22 जुलाई से सावन महीना लगने वाला है। ऐसे में सावन महीने में शिवभक्ति में लोग रहेंगे। दानपेटियों में भी इस महीने में अच्छी चढ़ौत्री प्राप्त होने की उम्मीद मंदिर प्रबंध समिति को है।

# पेंशन ई-केवाईसी में नीमच जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**नीमच, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शासन व्दारा जिले के समस्त पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी शतप्रतिशत पूर्ण करानें हेतु निर्देशित किया गया है। उक्तं निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री दिनेश जैन के आदेशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गुरूप्रसाद के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के पेंशन हितग्राहियों का आधार ई-केवाईसी कराने के कार्य को विशेष प्राथमिकता देते हुऐ कलेक्टर श्री जैन द्वारा प्रत्ये क साप्ताहिक टी.एल.मीटिंग में पेंशन ई-केवाईसी को विशेष एजेण्डो के रूप में शामिल कर समस्त सीईओ एवं सीएमओ से पेंशन ई-केवाईसी की रिपोर्ट अनुसार समीक्षा की गई। जनपदों एवं नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत के सचिवों, शहरी क्षेत्र में वार्ड प्रभारियों से मिशन मोड़ में कार्य करवाकर ग्राम पंचायतों, वार्डो में पेंशन ई-केवाईसी के निरंतर शिविर आयोजित करवायें गये, उक्तय आयोजित शिविरों के दौरान एसडीएम सीईओ एवं सीएमओं द्वारा सतत् भ्रमण किया गया, शिविरों में मोके पर ही पेंशन हितग्राहीयों का आधार ई-केवाईसी करवाये गये एवं जिन हितग्राहीयों के आधार अपडेट नही थे, उनके आधार भी शिविर स्थधल पर ही अपडेट करवाये गये।

जिला पंचायत श्री गुरूप्रसाद द्वारा प्रतिदिन पेंशन हितग्राहीयों के आधार ई-केवाईसी रिपोर्ट की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर नीमच जिले को 96.91% के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाया है। शासन के निर्देशानुसार समस्त पेंशन हितग्राहियों को समग्र पोर्टल पर अपना आधार ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। अत: जिले के पेंशन हितग्राहियों को सूचित किया जाता है। जिन्होंने अभी तक अपना समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी नही करवाया है। वें शासन की पेंशन योजना का नियमित रूप से लाभ प्राप्त करने हेतु समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी आज ही करवाना सुनिश्चित करें। आवेदनकर्ता स्वयं भी समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in पर अपना ई-केवाईसी करा सकते है अथवा एम.पी.ऑनलाईन, सीएससी, लोकसेवा केन्द्रों पर जाकर भी अपना eKYC करा सकते है। आवेदक द्वारा समग्र पोर्टल पर अपना eKYC कराने के लिए अपने आधार नम्बर पर पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर प्राप्त होने वाले जढ्ढ को डालकर अथवा फिंगरप्रिंट को बायोमैट्रिक मशीन पर मिलान कर के किया जा सकता है।

# पौधारोपण को स्मृति वन बनाए जाने से मिलेगा प्रोत्साहन

## अभिव्यक्ति समूह द्वारा पर्यावरण गोष्ठी आयोजित हुई

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बढ़ते टेम्परेचर को रोकने के लिए अनेक उपायों में से प्रमुख उपाय है, पौध रोपण और संरक्षण। यह बात कही हरित पर्यावरण समूह के वरिष्ठ सदस्य असअद अन्सारी ने।

उन्होंने वर्तमान विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया और सांसद द्वय सुधीर गुप्ता, तथा बंशीलाल गुर्जर से सार्वजनिक अपील करते हुवे कहा कि इस ज़िले के चारों जन प्रतिनिधि अगर बिना किसी राजनीतिक दुराग्रह के लिए कोई सार्वजनिक स्थान मन्दसौर के आसपास चिन्हित कर उसे स्मृति वन के रूप में विकसित करने का प्रयास करें तो इस धरती और मन्दसौर ज़िले पर उनका ये उपकार ज़िले की जनता कभी नहीं भूलेगी। स्मृति वन की पहल होने पर मन्दसौर के नागरिक अपनी विवाह वर्षगांठ, जन्म दिन, अपने बुज़ुर्गों की स्मृति में इस स्थान पर पौध रोपण कर सकेंगे और इससे पर्यावरण को बहुत हद तक सुधारने में मदद मिलेगी। स्मृति वन की बाउंड्रीवाल बनवाकर किसी सरकारी एजेंसी को देखभाल के ज़िम्मा सौंपा जा सकता है। श्री अन्सारी अभिव्यक्ति समूह द्वारा आयोजित पर्यावरण गोष्ठी में बोल रहे थे। युवा इंजीनियर हेमन्त कछावा ने भी युवाओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक पौधरोपण करें और वृक्षों को काटे जाने से रोकें। अध्यक्षता करते हुवे आयुर्वेद विशेषज्ञ ईश्वर कुमावत ने नीम और पीपल के आयुर्वेद में महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने साथियों को नीम के पौधे भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में अर्पित सैन, सेफ़ अली, सोनू गुप्ता, यश रावल, नरेंद्र सागोरे उपस्थित थे। इस अवसर पर साथियों ने हेमन्त कछावा को जन्म दिन की बधाई भी दी। संचालन फ़ैनी जैन ने और आभार सिमरन बेलानी ने माना।

## श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में गुरू पूर्णिमा पर्व रविवार 21 जुलाई को भव्य रूप से मनाया जावेगा। सेवा मण्डली के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शिवानी ने बताया कि सांई टेऊँराम के दरबार श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में भगवान श्री लक्ष्मीनारायण व सतगुरू श्री टेऊँरामजी महाराज, सतगुरु सर्वानन्द महाराज, सतगुरू शान्तिप्रकाश महाराज, सतगुरू हरिदास रामजी महाराज एवं आराध्य देव भगवान झूलेलाल का आकर्षक व सुंदर दीवान सजाया जावेगा। जहां पर श्रद्धालु गुरु भक्त अपने सतगुरु की पूजा अर्चना कर प्रसाद अर्पित करेंगे। श्री शिवानी ने बताया कि कार्यक्रम प्रात: 6 बजे प्रारंभ होगा, जिसके अन्तर्गत पूजा, अर्चना, पंचामृत, अभिषेक, नूतन वस्त्रांकार, गुरू प्रार्थना, गुरु महाराज प्रतिमा पूजन, चन्दन तिलक कर भगवान व सतगुरूओं की आरती, पल्लव पाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। सभी श्रद्धालुगण अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

## आईएफएमआईएस सम्बंधी प्रशिक्षण 22 को

**नीमच, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला कोषालय अधिकारी श्री बी.एम.सुरावत ने बताया, कि जिला कोषालय नीमच द्वारा शासकीय संस्थाओं में सभी वित्तिय संव्यवहार आई.एफ.एम.आई.एस.के माध्यम से किये जा रहे है। आई.एफ.एम. आई.एस. साफ्टवेयर के संचालन के लिए वर्तमान में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आई.एफ. एम.आई. एस. साफ्टवेयर में कार्य करने में दक्ष बनाने व अपडेट करने हेतु समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डी.डी.ओ.) का ई-दक्ष केन्द्र नीमच में 19 जुलाई, 2024 को आयोजित होने वाला प्रशिक्षण अब 22 जुलाई 2024, को प्रात: 11:00 बजे एवं दोपहर 03:00 से बजे प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। कलेक्ट र श्री दिनेश जैन ने सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों समय को ई-दक्ष केन्द्र नीमच में आयोजित इस प्रशिक्षण में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

# दो साल से सत्यापन का इंतजार

## नीमच सहित कई जिलों के कलेक्टरों को केंद्र सरकार ने दिए निर्देश

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के लिए चयनित युवाओं के जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन में विलंब को लेकर केंद्र सरकार ने आपत्ति जताई है। दो वर्ष पहले अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के जाति प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए भेजे गए थे, लेकिन अभी तक यह प्रक्रिया ही पूरी नहीं हुई। प्रदेश के कई जिलों में नीमच का भी नाम है। जहां सत्यापन नहीं हो पाया है। इसी तरह 13 मामले चरित्र सत्यापन के लंबित हैं। जबकि, इसके लिए केंद्र सरकार ने एक माह की अवधि निर्धारित की है। अब इसे लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि समय सीमा के भीतर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करके प्रतिवेदन दें।

**एक माह में सत्यापन कराए जाने के निर्देश**-केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, नई दिल्ली ने 30 मई और उसके बाद मुख्य सचिव वीरा राणा को पत्र लिखकर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण का अनुरोध किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने कलेक्टरों को पत्र लिखकर कहा है कि यह प्रमाण पत्रों के सत्यापन के संबंध में केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। यह कार्य एक माह में हो जाना चाहिए।इसके लिए संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। निर्धारित समयावधि में सत्यापन नहीं किए जाने या चूक जाने पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सात दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नीमच, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कृषि विज्ञान केन्द्र, नीमच में आर्या योजनान्तर्गत दिनॉक 24 से 30 जुलाई 2024 तक बकरी पालन विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण नीमच जिले के कृषकों हेतु आरम्भ किया जाना है। इच्छुक किसान, किसान महिला, नवयुवक अपना रजिस्ट्रेशन कृषि विज्ञान केन्द्र, नीमच, मालखेड़ा रोड, नीमच स्थित कार्यालय में कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आकर करा सकते है। जिन नवयुवकों एवं किसान भाईयों ने पूर्व में (बकरी पालन) केन्द्र द्वारा इस योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया है वे इस सत्र के प्रशिक्षण में समान शीर्षक हेतु मान्य नहीं होंगे। रजिस्ट्रेशन हेतु हितग्राहियों की आयु 18 से 35 वर्ष एवं शिक्षा आंठवी पास तथा रजिस्ट्रेशन हेतु आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन फीस रु 100/- रहेगी जो कि प्रशिक्षण उपरान्त हितग्राही कृषक, कृषक महिला, नवयुवक को वापिस कर दी जाएगी। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय के नम्बर 6265990752 एवं 9424530721 (डा.पी.एस.नरुका), 942453072 (डा.एस.एस.सारंगदेवोत), 9425335412 (डा.शिल्पी वर्मा) एवं 9516963254 (डा.जे.पी.सिंह) पर सम्पर्क कर सकते है।

## अनुरागी बापू की पादुका पूजन कर मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**मंदसौर, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सेनाचार्य भक्तिपीठ द्वारा धर्मधाम गीता भवन के संस्थापक व सैनाचार्य ब्रह्मलीन संत श्री अनुरागी बापू जी का चरण पादुका पूजन एवं महाआरती कर गुरू पूर्णिमा महोत्सव सत्यनारायण की बगीची खानपुरा में 21 जुलाई, रविवार को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।



यह जानकारी देते हुए सेनाचार्य भक्ति पीठ मंदसौर के संरक्षक ठाकुर शैलेन्द्रसिंह राठौर, राम लक्ष्मण राठौर बंजारी बालाजी ने बताया कि गुरू पूर्णिमा के दिन प्रात: प्रात: 8.30 बजे चरण पादुका पूजन व अभिषेक होगा। तत्पश्चात् 10.30 बजे महाआरती आयोजित होगी। दोप. 1 बजे से गुरुभक्त कीर्तन होंगे। सेनाचार्य भक्ति पीठ मंदसौर के नेमीचंद कोठारी, महावीर रघुवंशी, बंशीलाल टांक, पुखराज सेन मुम्बई, भानुभाई पारिख नडियाद, राजेन्द्र चन्द्रसेना कोटा, भभूतमल सेन अहमदाबाद, राजेन्द्र हाड़ा जयपुर, पुरूषोत्तम राठौर, भगवतसिंह परिहार, अंशुल बैरागी, रमेश गोयल रतलाम, कमलेश मारोठिया, मेवाड़ा सेन समाज पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश सेन मारोठिया, नन्दकिशोर राठौर, सत्यनारायण सकवाया, फकीरचन्द परिहार, सेन युवा संगठन अध्यक्ष विनोद परिहार, मां नारायणी माता महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा गंगवाल महेन्द्र परिहार, सूरज बैरागी, विशाल शिल्पी, उमेश परमार आदि ने सभी अनुरागी बापू भक्तों व धर्मसेवियों से गुरूजी की चरण पादूका पूजन, महाआरती एवं गुरूभक्त कीर्तन में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# विधायक मारू ने कुंडला में किया राजस्व महाअभियान का शुभारंभ

**मनासा, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत कुंडला मे 'राजस्व महा-अभियान 2.0' का शुभारम्भ किया। विधायक अनिरूद्ध (माधव) मारू के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री मारू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा प्रत्येक किसान सशक्त और खुशहाल हो, यही हमारी प्राथमिकता है। इस दिशा मे भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 18 जुलाई से 31 अगस्त तक उक्त अभियान चलाया गया है। इसमें किसानों की राजस्व संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। आज कुंडला मे कलेक्टर दिनेश जी जैन, एसडीएम पवन जी बारिया, जनपद अध्यक्ष कामेरी बाई डांगी, मण्डल अध्यक्ष मुकेश डांगी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर दड्गि, श्याम वसीटा, भूपेश राठैर, सरपंच संगीता डांगी, उपसरपंच मुकेश डांगी आदि मंचासिन अथितियों के साथ राजस्व महाअभियान 2.0 का शुभारंभ कर किसानों से चर्चा की। राजस्व अभियाम का मुख्य उद्देश्य राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना, राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करना, राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों को हल करना, नक्शे को ठीक करना, समग्र का



आधार ई केवाईसी ओर खसरे की समग्र से लिंक करना आदि काम राजस्व अभियान में किए जाएंगे। पीएम किसान योजना का सभी पात्र किसानों को लाभ दिया जाना है इसका विशेष ध्यान रहे। इस हेतु श्री मारू ने अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही मारू ने किसानों से संवाद करते हुए अपील की 31 अगस्त तक अभियान चलाना है किसान बन्धु इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी समस्या का निराकरण करवाएं। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**पौधारोपण भी किया**-उक्त कार्यक्रम में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। विधायक मारू ओर कलेक्टर जैन ने मंचासिन अतिथियों के साथ वृक्षारोपण कर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया। विधायक मारू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश भर में चलाए गए एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत वृक्षारोपण अवश्य करे। पर्यावरण संरक्षण हेतु हम सभी संकल्पित हो। एक पेड़ अवश्य लगाए और इसकी रक्षा का भी संकल्प ले।

## नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा पीड़ित क्षेत्र में चलाया जागरूकता अभियान

**नीमच, 18 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद के आदेशानुसार और एसीईओ श्री अरविंद सिंह डामोर, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस नशामुक्ति केंद्र के द्वारा 18 जुलाई 2024 को नीमच नगर के मुलचंद मार्ग नशा पीड़ित क्षेत्र में रेडक्रॉस नशामुक्ति केंद्र के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया गया और नशाग्रस्त व्यक्तियों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया एवं नशामुक्ति से संबंधित पेंपलेट बांटे, उक्त कार्यक्रम में नशा मुक्ति केंद्र के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुनील तिवारी मनोवैज्ञानिक जीवन तिवारी उपस्थित थे।


आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648


## न्यायालय-श्रीमती प्रियंका सुमन साकेत व्यवहार न्यायाधीश प्रथम श्रेणी सीतामऊ, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

वारसा प्र.क्रं.-02/2024

01 - राकेश पिता राजेन्द्रप्रसाद सक्सेना उम्र 54 वर्ष, निवासी सुवासरा, जिला-मंदसौर (म.प्र.)
02 - मोनिका पिता राजेन्द्रप्रसाद सक्सेना उम्र 48 वर्ष, निवासी सरवानिया महाराज, जिला-नीमच (म.प्र.)
03 - किरण पिता राजेन्द्रप्रसाद सक्सेना उम्र 37 वर्ष, निवासी सुवासरा, जिला-मंदसौर (म.प्र.)
04 - सुनीता पिता राजेन्द्रप्रसाद सक्सेना उम्र 60 वर्ष, निवासी अभिनंदन कालोनी क्रमांक 1, मंदसौर (म.प्र.)... प्रार्थीगण

विरुद्ध

01 - सर्व साधारण
02 - शाखा प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा सुवासरा, तहसील सुवासरा, जिला-मंदसौर (म.प्र.)..... प्रतिप्रार्थीगण

प्रति,
सर्वसाधारण

प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में उनके पिता स्व. राजेन्द्रप्रसाद पिता लाल बहादूर सक्सेना निवासी गुरुद्वारे के पास, सुवासरा, जिला मंदसौर की मृत्यु दिनांक 01.10.2019 एवं उनकी पत्नी स्व. पदमादेवी सक्सेना निवासी गुरुद्वारे के पास, सुवासरा, जिला मंदसौर की मृत्यु दिनांक 26.10.2004 को हो जाने के कारण स्वयं को उनका उत्तराधिकारी होना प्रकट कर मृतक राजेन्द्रप्रसाद व उनकी पत्नी स्व. पदमादेवी सक्सेना निवासी गुरुद्वारे के पास, सुवासरा, जिला मंदसौर के नाम से मृतक राजेन्द्रप्रसाद के द्वारा सेन्ट्रल बैं क ऑफ इंडिया शाखा सुवासरा में बचत खाता क्रमांक-2237613221 रहा है। जिसमें नामिनी उनकी पत्नी स्व. पदमादेवी सक्सेना थी। जिनकी मृत्यु दिनांक 26.10.2004 को हो चुकी है एवं प्रार्थीगण के पिता की मृत्यु 01.10.2019 को हो चुकी है और प्रार्थीगण के पिता के नाम से जो बचत खाता सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा सुवासरा में रुपए 51177/- रुपए मृतक राजेन्द्रप्रसाद के खाते में जमा है। जिसे प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

इसलिए जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को, जिनका मृतक की इस सम्पत्ति में हित निहीत हो को सूचना दी जाती है कि वे स्वयं अथवा उनके द्वारा विधिकतः अधिकृत किसी अभिभाषक या व्यक्ति के द्वारा जिन्हें प्रकरण के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी हो/दी गई हो, इस न्यायालय में प्रकरण नियत तिथि दिनांक 20.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर प्रार्थी का आवेदन क्यों न स्वीकार किया जावें, इस संबंध में अपना पक्ष प्रस्तुत करें। इस संबंध में कोई आपत्ति/अन्य पक्ष प्रस्तुत नहीं होने पर आवेदन का एक पक्षीय रुप से निराकरण किया जा सकेगा। नियत तिथि पर अवकाश हो जाने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में प्रकरण सुनवायी में लिया जावेगा।

इस न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 06.06.2024 को जारी किया गया।

श्रीमती प्रियंका सुमन साकेत
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के अतिरिक्त व्यवहार
न्यायाधीश सीतामऊ, जिला-मंदसौर (म.प्र.)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356


समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।


फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in